# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–04 नवम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है। प्रदेश के एक लाख बासठ हजार चार सौ छियासी बूथों पर यह अभियान चल रहा है। इस बार के अभियान में उत्तर प्रदेश सहित नौ राज्य और तीन केन्द्र शासित प्रदेश शामिल हैं। एक रिपोर्ट–

***यह एसआईआर का दूसरा चरण है। इससे पहले बिहार में इसे लागू किया गया था। आज से शुरू हुआ एसआईआर का गणना चरण 4 दिसंबर तक चलेगा। प्रारूप मतदाता सूची 9 दिसंबर को जारी होगी। इसके बाद 7 फरवरी, 2026 को अंतिम प्रकाशन होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार, एसआईआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अवैध प्रवासियों सहित अपात्र नामों को हटाते समय कोई भी पात्र नागरिक सूची से न छूट जाए। इस प्रक्रिया में मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच करना शामिल है। अधिकारियों का कहना है कि इससे अपात्र नागरिकों विशेष रूप से बांग्लादेश और म्यांमा के अवैध प्रवासियों की पहचान करने में मदद मिलेगी। समाचार कक्ष से निखिल कुमार।***

**********

प्रदेश सरकार ने नॉन–हाइब्रिड धान की कुटाई में एक प्रतिशत रिकवरी छूट देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि इस छूट की भरपाई प्रदेश सरकार अपने बजट से करेगी। श्री योगी ने उम्मीद जताई है कि इस निर्णय से करीब पंद्रह लाख अन्नदाता किसानों और दो हजार से अधिक राइस मिलर्स को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही प्रदेश भर में दो लाख रोजगार के अवसर बनेंगे।

इससे पहले, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकभवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बाजार शुल्क पर तीन प्रतिशत की छूट पहले से दी जा रही थी । अब मोटे धान पर भी एक प्रतिशत की अतिरिक्त छूट देने का फैसला लिया गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने गोरखपुर में विरासत गलियारा सहित कई अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

**********

वाराणसी में देव दीपावली पर कल भव्य दीपोत्सव का आयोजन होगा। इसमें शामिल होने के लिये देश विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक वहां पहुंच रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली पर इस बार काशी में फिर से दिव्यता, भव्यता और आधुनिकता का अद्भुत उदाहरण दिखाई देगा। घाटों पर लाखों दीपों की रोशनी, लेजर शो और कोरियोग्राफ ग्रीन क्रैकर्स शो पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुग्ध करेंगे। शिव भजनों की धुन पर करीब 10 मिनट तक चलने वाला ग्रीन एरियान फायर क्रैकर शो रात 8 बजे शुरू होगा। हर–हर शंभू, शिव तांडव और हे शिवा जैसे भजनों की ताल पर डमरूओं की थाप और सतरंगी रोशनी के संगम से घाटों का वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। करीब एक हजार फीट लंबी रेत के स्ट्रेच पर हीनी वाली आतिशबाजी के पटाखे 200 मीटर ऊंचाई तक रोशनी बिखेरेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।***

प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने आज वाराणसी में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर देव दीपावली की तैयारियों की समीक्षा की।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा बाइस सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव के तहत लागू की गईं संशोधित दरों से देशभर में लोगों को कई क्षेत्रों में लाभ हो रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***नए जीएसटी सुधारों के तहत स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में करों में बड़ी कटौती हुई है। सरकार ने आवश्यक दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही 33 जीवन रक्षक दवाओं को भी पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया गया है, जिससे पुरानी और गंभीर बीमारियों का इलाज अब पहले से अधिक किफायती और सस्ता हुआ है। चिकित्सा उपकरणों जैसे गोज, पट्टियां, डॉयग्नोस्टिक किट और थर्मामीटर पर भी अब 12 प्रतिशत की जगह पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। कर में इस कटौती से जांच और उपचार सेवाओं की लागत में कमी आई है। इसके अलावा स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को भी कर मुक्त कर दिया गया है, जिस पर पहले 18 प्रतिशत टैक्स लगता था। जीएसटी में इस कमी से स्वास्थ्य बीमा को अपनाने में लोगों को बढ़ावा मिला है और मध्यमवर्गीय परिवारों के इलाज के खर्च में भी कमी आई है। सौम्य शरण के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

केंद्र सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा तीस नवम्बर तक पूरे देश में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान का चौथा चरण चलाया जा रहा है। विभाग के वरिष्ठ सलाहकार रोहित कुमार अभियान के तहत आयोजित शिविरों में भाग लेने के लिए छह नवम्बर को गोरखपुर, जबकि सात नवम्बर को वाराणसी का दौरा करेंगे।

**********

गोरखपुर मंडल की टीम ने राज्य स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता जीत ली है। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले में गोरखपुर मंडल ने अयोध्या मंडल को अट्ठाइस सत्रह के अंतर से हरा दिया।

**********

प्रदेश के पीलीभीत सहित कुछ अन्य जिलों में ठंड का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने भी अगले चौबीस घंटे के बाद न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस के गिरावट की संभावना जताई है।

**********